# राष्ट्रीय सेवा योजना
# विज्ञान संकाय
# जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

---

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट
## (1.4.2022 to 31.3.2023)

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम | पेज सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | 20-05-2022 | **चित्तौड़गढ़ के राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए जेएनवीयू के 12 स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं का चयन** | |
| 2 | 31-05-2022 | **तम्बाकू निषेध दिवस पर ली शपथ** | |
| 3 | 05-06-2022 | **विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण जनचेतना रैली का आयोजन** | |
| 4 | 09-06-2022 | **एनएसएस स्वयंसेवक ने गंभीर मरीज को रात में प्लेटलेट्स दान किया** | |
| 5 | 21-06-2022 | **विश्व योग दिवस पर विवि में योगा फॉर ह्यूमैनिटी थीम पर मनाया गया विश्व योग दिवस** | |
| 6 | | | |

दिनांक 20-05-2022

**चित्तौड़गढ़ के राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए जेएनवीयू के** 12 **स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं का चयन**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय तथा क्षेत्रीय निदेशालय, एनएसएस राजस्थान के बैनर तले मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ में राष्ट्रीय एकता शिविर इस वर्ष **21** से **27** मई तक आयोजित किया जाएगा । शिविर में **10** राज्यों के लगभग **100** स्वयंसेवक भाग लेंगे और कला संस्कृति वेशभूषा आदि को प्रदर्शित करेंगे ।

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के आर पटेल ने बताया कि इस राष्ट्रीय एकता शिविर में जेएनवीयू के **12** स्वयंसेवकों का चयन एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर द्वारा किया गया ।

प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक भैराराम, श्रवण कुमार, हुकमाराम, सोहनलाल, शंभू राम एवं चंद्रशेखर तथा स्वयंसेविका शिवानी जोधा, रंजना राठी, पूजा चौधरी, संतोष, सुनीता व रेखा इस कैंप में विश्विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे ।










जलतेदीप

www.dainikjaltedeep.com

**राष्ट्रीय एकता शिविर में जेएनवीयू के स्वयंसेवकों का बेहतरीन प्रदर्शन**

जोधपुर, 31 मई (कासं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में चत्तौड़गढ़ में 21 से 27 मई तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी राज्यों के लगभग 40 लाख स्वयंसेवकों में से 200 स्वंयसेवक भाग लेते हैं। सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवक प्रतिदिन प्रभात फेरी से शाम को सांस्कृतिक संध्या तक विभिन्न शारीरिक, सामाजिक एवं बौद्धिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। जेएनवीयू के एनएसएस समन्वयक प्रोफेसर केआर पटेल ने बताया कि शिविर में भैराराम, हुकमाराम, शिंभूराम, श्रवण, सोहनलाल, चंद्रशेखर तथा स्वयंसेविका शिवानी जोधा, पूजा चौधरी, रंजना राठी, संतोष, पूजा चौधरी व रेखा गौर ने भाग लिया। स्वयंसेवकों द्वारा लोकगायन की प्रस्तुतियों ने सबका मनमोह लिया। प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने बताया कि स्वयंसेवकों के जोधपुर पहुंचने पर कुलपति प्रोफेसर डॉ. केएल श्रीवास्तव ने उनका सम्मान किया।



दिनांक 31-05-2022

## तम्बाकू निषेध दिवस पर ली शपथ

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा कार्यक्रम अधिकारीयों द्वारा जीवन में तम्बाकू ग्रहण नही करने तथा अन्य लोगों को भी तम्बाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के लिये शपथ ग्रहण दिलवाई गयी ।

समारोह में एन एन एस समन्वयक प्रो के आर पटेल ने तम्बाकू सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति आगाह किया। भौतिक विभाग तथा विधि संकाय में हुए कार्यक्रमों में शिक्षक, कर्मचारी व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ ली।







## विवि में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर ली शपथ

नवज्योति/जोधपुर।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर व्यास विश्वविद्यालय के संकायों व कार्यालयों के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना का शपथ ली गई। विवि के संकायों व संघटक कॉलेजों में केएन कॉलेज में शिक्षकों व कर्मचारियों ने तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ ली। राष्ट्रीय सेवा योजना के समारोह में एन एन एस समन्वयक प्रो के आर पटेल ने तम्बाकू सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति आगाह किया। भौतिक



विभाग में हुए कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ ली।

दिनांक 05-06-2022

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण जनचेतना रैली का आयोजन

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पर्यावरण दिवस 5 जून को पर्यावरण संरक्षण जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। रैली को माननीय कुलपति प्रो के एल श्रीवास्तव ने विश्वविधालय के केंद्रीय कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में समन्यक प्रो के आर पटेल, कार्यक्रम अधिकारियों प्रो प्रवीण गहलोत, डॉ अशोक कुमार पटेल, डॉ खेताराम के साथ वि वि के सैकड़ो स्वयं सेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए हाथों में तख्तियां लेकर, पर्यावरण बचाने के नारे लगाते हुए 5 किमी दूर नए परिसर में रैली का समापन किया। रैली में एन एस एस स्वयं सेवकों के साथ स्काउट , एनसीसी स्वयं सेवकों व आमजन की भी सहभागिता रही।









जेएनवी ... क्षण रैली

जोधपुर @ पत्रिका. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की गुरु जंभेश्वर पर्यावरण शोध पीठ की ओर से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ रविवार को विज्ञान संकाय ऑडिटोरियम में हुआ। मुख्य वक्ता पद्मभूषण एवं पद्मश्री से सम्मानित देहरादून के डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने स्वयं के पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जीवन अनुभव बताए।

मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश डॉ पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ समर्पण भाव से कार्य करने से कार्य फलीभूत होता है। साथ ही उन्होंने पर्यावरण से संबंधित संविधानिक व्यवस्था पर प्रकाश डाला। जांभाणी साहित्य अकादमी बीकानेर के स्वामी कृष्णानंद आचार्य ने पर्यावरण संरक्षण के लिए गुरु जंभेश्वर के धर्मोपदेश को आधार बताया। शोध पीठ के निदेशक डॉ.ओमप्रकाश बिश्नोई और समन्वयक डॉ आरके विश्नोई ने विचार रखे। अध्यक्षीय उद्बोधन विवि कुलपति प्रो केएल श्रीवास्तव ने दिया। केंद्रीय कार्यालय से न्यू कैंपस तक रैली सेमिनार के उद्घाटन सत्र से पूर्व विवि के एनएसएस, एनसीसी, स्काउट्स एवं पर्यावरण प्रेमी खम्मूराम विश्नोई टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। कुलपति विवि केंद्रीय कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सानिध्य में शोध पीठ कार्यालय में जांभाणी दर्शन आधारित 120 शब्दों का यज्ञ किया गया।






देव ऋण से मुक्त होने के लिए पर्यावरण संरक्षण करना जरूरी : प्रो. श्रीवास्तव

जोधपुर . जेएनवीयू गुरु जंभेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोध पीठ और जांभाणी साहित्य अकादमी बीकानेर की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार सोमवार को संपन्न हुई। कुलपति प्रो. केएल श्रीवास्तव ने कहा कि देव ऋण से मुक्त होने के लिए पर्यावरण संरक्षण करना जरूरी है। जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लानी चाहिए। जांभाणी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष स्वामी कृष्णानंद आचार्य ने गुरु जंभेश्वर द्वारा बताए गए पर्यावरण संरक्षण एवं जीव रक्षा के नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

जनचेतना रैली निकाली, पुरस्कार दिए, कवि सम्मेलन भी हुआ

उद्घाटन सत्र से पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, स्काउट और पर्यावरण प्रेमी खम्मूराम विश्नोई की टीम ने जनचेतना रैली निकाली। इसमें प्रो. केआर पटेल, प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. हेमसिंह गहलोत, डॉ. आरपी सारण, डॉ. ललित सिंह झाला, डॉ. भरत देवड़ा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. खेताराम शामिल हुए। शोध पीठ के निदेशक डॉ.ओमप्रकाश बिश्नोई ने स्वागत उद्बोधन दिया। डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, विधायक बिहारीलाल विश्नोई, पब्बाराम बिश्नोई, आईपीएस देवेंद्र बिश्नोई, आईपीएस कृष्णकुमार विश्नोई, पूर्व कुलपति प्रो. पीसी त्रिवेदी, अजय विश्नोई, केके विश्नोई, डॉ. गोरधनराम, प्रो. पवन कुमार कसेरा ने भी विचार व्यक्त किए। डॉ. अनिल जोशी देहरादून, जमुना टुडू झारखंड और तेलूराम सारण हरियाणा को गुरु जंभेश्वर शोध पीठ द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।


शाकाहार अपनाओ
भारत
सरकार जागे तो शिकारी भागे।
राष्ट्रीय सेवा योजना
विश्व पर्यावरण दिवस
(05 जून 2022)
पर्यावरण संरक्षण जनचेतना रैली
जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
I LOVE EARTH
पॉलिथीन का बहिष्कार करें।




शाकाहार अपनाओ
राष्ट्रीय सेवा योजना
(05 जून 2022)


I LOVE EARTH
सरकार जागे तो शिकारी भागे


भारत





दिनांक 09-06-2022

## एनएसएस स्वयंसेवक ने गंभीर मरीज को रात में प्लेटलेट्स दान किया

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक भेराराम ने मेडिप्लस हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीज कैलाश कंवर के लिए कल दिनांक 7 जून 2022 को रात 10 बजे पारस ब्लड बैंक जाकर प्लेटलेट्स देकर मानवीय संवेदना का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। मरीज कैलाश कंवर को तुरंत प्लेटलेट्स की आवश्यकता का मैसेज एन एस एस के ब्लड डोनेशन व्हाटशाप ग्रुप आते ही स्वयं सेवक भेराराम तुरंत पारस ब्लड बैंक पहुंच कर प्लेटलेट्स दी।

एनएसएस समन्वयक प्रो के आर पटेल ने बताया कि एन एस एस स्वयंसेवक हमेशा ही मानव सेवा के लिए तत्पर रहते है तथा स्वयं सेवक भेराराम अभी तक13 बार प्लेटलेट्स तथा 9 बार अपना ब्लड गंभीर मरीजों के लिए दान कर चुका है।



### एनएसएस स्वयंसेवक ने गंभीर मरीज को रात में प्लेटलट्स दान किए

**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक भैराराम ने मेडिप्लस हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीज कैलाश कंवर के लिए मंगलवार रात को पारस ब्लड बैंक जाकर प्लेटलेट्स देकर मानवीय संवेदना का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। मरीज कैलाश कंवर को तुरंत प्लेटलेट्स की आवश्यकता का मैसेज एन एस एस के ब्लड डोनेशन व्हाट्स ग्रुप में आते ही स्वयं सेवक भैराराम ने तुरंत पारस ब्लड बैंक पहुंच कर प्लेटलेट्स दी। एनएसएस समन्वयक प्रो के आर पटेल ने बताया कि एन एस एस स्वयंसेवक हमेशा ही मानव सेवा के लिए तत्पर रहते है तथा स्वयं सेवक भैराराम अभी तक 13 बार प्लेटलेट्स तथा 9 बार अपना ब्लड गंभीर मरीजों के लिए दान कर चुके हैं।



दिनांक 21-06-2022

**विश्व योग दिवस पर विवि में योगा फॉर ह्यूमैनिटी थीम पर मनाया गया विश्व योग दिवस**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाइयों ने केंद्रीय कार्यालय स्थित बृहस्पति भवन के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विवि के कुलपति प्रोफेसर के. एल. श्रीवास्तव ने इस वर्ष योग दिवस की थीम योगा फॉर ह्यूमैनिटी अर्थात मानवता के लिए योग पर अपना व्यक्तव्य दिया । राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के. आर. पटेल ने स्वयंसेवकों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक स्वंय अपने जीवन में योग को अपनाकर योग से होने वाले स्वास्थ्य-लाभों से आम-जनता में जागृति लाने का प्रयास करें । वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग एक विज्ञान है जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का कार्य करता है ।

विवि के योग केंद्र के निदेशक प्रोफेसर बी. एल. दायमा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 से अधिक स्वंयसेवकों ने विभिन्न योगासन (सूक्ष्म व्यायाम, समस्थिति, वृक्षासन, मार्जरी आसन, वज्रासन, सूर्य नमस्कार सुखासन, सिद्धासन, वज्रासन, अर्ध पद्मासन, पद्मासन) किए । इस अवसर पर विवि की कुलसचिव श्रीमती गोमती शर्मा, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर के. आर. गेंवा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खेता राम सहित विवि के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं अन्य छात्र उपस्थित थे । कार्यक्रम के पश्चात सभी को अल्पाहार वितरित किया गया ।



**जेएनवीयू एनएसएस**

व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाइयों ने केंद्रीय कार्यालय स्थित बृहस्पति भवन के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर केएलश्रीवास्तव ने किया। एनएसएस समन्वयक प्रोफेसर के.आर. पटेल ने स्वयंसेवकों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक स्वंय अपने जीवन में योग को अपनाकर योग से होने वाले स्वास्थ्य.लाभों से आम.जनता में जागृति लाने का प्रयास करें। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। योग केंद्र के निदेशक प्रोफेसर बी. एल. दायमा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 से अधिक स्वंयसेवकों ने विभिन्न योगासन किए।









punjab national bank & JNV University, Jodhpur
Celebrating
International Yoga Day
राष्ट्रीय सेवा योजना
विश्व योग दिवस


June 21, 2022
Central Office, JNV University, Residency Road Jodhpur





